गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

क्रमांक :– एफ ( ) गोगुजवि/बांस/2021/3391 दिनांक : 17-3-21

PRINTING WORKS *__FOR CONFIDENTIAL PRINTERS__* NOTICE INVITING REGARDING CONFIDENTAL INFORMATIONS

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा की विभिन्न परीक्षाओं हेतु गोपनीय छपाई (यथा प्रश्न मुद्रण आदि) एवं विश्वविद्यालय तक परिवहन का कार्य करवाये जाने हेतु इस कार्य में दक्ष एवं लब्धप्रतिष्ठ मुद्रणालयों से जानकारी आमंत्रित करने हेतु दिनांक 17.03.2021 को यह सूचना पत्र जारी किया जाता है। जिनमें प्रथम चरण में उन मुद्रणालयों से सूचनाऐं आमंत्रित है जिनका गोपनीय छपाई से सम्बन्धित कार्य का अनुभव 10 वर्ष या उससे अधिक है एवं वर्तमान में कार्यरत है तथा जिनका पिछले पांच साल का वार्षिक टर्न ओवर वर्षवार 05 करोड रूपये से अधिक है उनसे निम्न सूचनाऐ दिनांक 31 मार्च 2021 तक इस पत्र के अन्त में अंकित पते पर आमंत्रित है **(सूचनाएं गोपनीय रखी जायेगी)**

अधोलिखित सूचनाएं मात्र मुद्रणालय को शोर्ट लिस्टिंग के लिए काम में ली जायेगी। शोर्ट लिस्टेड मुद्रणालय से वित्तीय दरें पृथक से आमंत्रित की जायेगी।

1. फर्म का नाम – पता व स्वामित्व विवरण।
2. फर्म/कम्पनी के रूप में आदिनांक पंजीयन प्रमाण पत्र।
3. फर्म/कम्पनी का पिछले 05 साल का चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वर्षवार वार्षिक टर्न ओवर 05 साल का वर्षवार चुकाए आयकर, वाणिज्य कर, सेवा कर का प्रमाण विवरण।
4. प्रेस कितने वर्षो से इस कार्य में कार्यरत है।
5. पिछले 10 वर्षो में कितने राज्य स्तरीय सर्विस आयोगों के लिए कार्य करते रहे है।
6. क्या प्रिटिंग प्रेस आधुनिक कम्प्यूटराईज, स्वचालित है, कौन – कौन से कार्य स्वचालित तरीके से होते है तथा कौन कौन से कार्य स्वचालित तरीके से होते है तथा कौन – कौन से कार्य हाथ से किये जाते है।
7. प्रेस के पास हिन्दी, अग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाब, संस्कृत व अन्य भाषाओं के मैनुस्क्रीप्ट से शुद्ध टंकण की क्या व्यवस्था है।
8. प्रेस के पास हिन्दी, अग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाब, संस्कृत व अन्य भाषाओं के प्रश्न पत्रों की प्रुफ रीडिंग की क्या व्यवस्था है।
9. प्रेस के पास परीक्षा केन्द्रवार संख्यानुसार प्रश्न पत्रों की छटनी व पैकिजिंग की क्या व्यवस्था है।
10. प्रश्न पत्रों पर नम्बरिंग की क्या व्यवस्था है।

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)

11. प्रेस के पास केन्द्रवार प्रश्न पत्रवार बने पैकेटस को किस प्रकार के लिफाफों में रख्ने की व्यवस्था है।
12. प्रेस के पास इन लिफाफों के सीलिंग की क्या वर्तमान व्यवस्था है। क्या प्रेस के पास ट्रेडिशनल वैक्स सीलिग के स्थान पर वैक्यूम लिफाफे की व्यवस्था है या कर सकती है।
13. प्रेस के पास इन सील्ड लिफाफों की परीक्षा केन्द्रवार जमा कर पूर्वत नए कोरूगेटेड बाक्स में रखने व पैकेजिंग की क्या व्यवस्था है।
14. प्रेस की सिक्यूरिटी की क्या व्यवस्था है।
15. प्रसे के पास प्रश्न पत्रो के परिवहन की क्या व्यवस्था है।
16. प्रेस के मुख्यालय के अतिरिक्त ओर कौन–कौन से प्रांत में कार्यालय है।
17. क्या प्रेस मल्टीपल प्रश्न पत्रो का एक साथ ABCD के कम में छपाकर ऑटोमेटिक तरीके से उन्हे ABCD–ABCD-ABCD के कम में जमाने की क्षमता रखती है।
18. प्रेस के पास इन समस्त कार्यो की गोपनीयता बनाए रखने की क्या व्यवस्था है।
19. क्या प्रेस से गोपनीयता भंग होने की स्थिति में जीरो भुगतान की शर्त मानने को तैयार है अथा प्रेस का प्रस्ताव कितने प्रतिशत कटौती का है।
20. क्या प्रेस निविदा शर्तो के उल्लंघन के लिए प्रशासन/कुलसचिव को क्षतिपूर्ति निर्धारण का पूर्ण अधिकार देने को तैयार है।
21. अन्य प्रमाणित सूचनाएं जो प्रेस अपने मामले के विचारार्थ देना चाहे।
22. उपरोक्त सूचनाए तथा प्रेस के संबंध में अन्य समस्त आवश्यक जानकारी इच्छुक प्रेस तीन सील्ड कवरों में निम्न पते पर प्रेषित कर

डॉ. नरेन्द्र पानेरी
परीक्षा नियंत्रक
आदिनाथ रोड़ नं. 05, बाहुबली कॉलोनी,
बाँसवाड़ा (राज.)। 327001

- सबसे बाहरी कवर पर भेजने वाले का छद्म नाम व छद्म पता होना चाहिये तथा उपरोक्त सूचना का लिफाफा प्रेस के कार्यालय से कम से कम 200 किलोमीटर दूर के पोस्ट ऑफिस से पोस्ट किया जावे।
- दूसरे कवर पर पहले से भिन्न छदम् नाम छद्म पता होना चाहिए।
- तीसरे कवर पर भेजने वाले का सही नाम व पता होना चाहिये इस कवर के अन्दर उपरोक्त जानकारी अन्य जानकारी अन्य जानकारिया जो प्रेस को देनी चाहिये वे रखे।

2/2

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)